http://www.howtoexam.com

* S E - 7 3 3 6 *

SE-7336 Seat No._________

Second Year B. A. Examination

March / April – 2006

Hindi : Paper – III

(छायावादोत्तर हिन्दी–काव्य) (पद्य)

(Subsidiary) (New Course)

Time : **3** Hours] [Total Marks : **100**

सूचना : सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

१ ''प्रेम और सौंदर्य की सफलता हालावादी कवि 'बच्चन' के काव्य में हुई है।'' इस कथन को सिद्ध कीजिए। १६

अथवा

१ ''किसानों के शोषण का सटीक चित्रण 'दिनकर' की 'हाहाकार' कविता में प्रस्तुत हुआ है।'' समझाइए। १६

२ '' 'इतिहास की हवा' काव्य में कवि 'अज्ञेय' ने सामाजिक गरीबी एवं शोषण पर प्रहार किये हैं।'' – इस विधान को समझाते हुए 'इतिहास की हवा' काव्य का रसनिरुपण कीजिए। १४

अथवा

२ किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : १४

(१) 'एक सन्नाटा बूनता हूँ' का केन्द्रीय भाव

(२) 'तूम गा दो' में व्यक्त कवि की अनुभूति

(३) 'युधिष्ठिर की ग्लानि' में व्यक्त युधिष्ठिर की व्यथा

(४) 'गीत अतीत' काव्य का सार ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com
Information about top MBA, Engineering, professional universities across India

http://www.howtoexam.com

३ स–संदर्भ व्याख्या कीजिए : (किन्हीं **तीन**) ३०

(१) मुसलमान ओ' हिन्दू है दो, एक मगर उनका प्याला,
एक, मगर उनका मदिरालय; एक, मगर उनकी हाला,
दोनों रहते एक न जबतक मस्जिद–मन्दिर जाते,
लड़वाते हैं मस्जिद–मन्दिर, मेल कराती मधुशाला।

(२) कह न सका वह कभी, भीष्म ! तुम कहाँ बहे जाते हो?
न्याय दण्ड धर होकर भी अन्याय सहे जाते हो।

(३) "मैं एक गढे का तार उठाता हूँ,
मैं तो मरण से बंधा हूँ, पर किसी के – और इसी तार के सहारे –
काल से प्यार करता हूँ।"

(४) "असुन्दर से
मेरी गाँठ–सी जुड़ गयी है,
सुन्दर की तस्वीर ही जैसे
दिमाँग से उड़ गयी है।"

(५) कुछ गीत लिखें है मस्ती में मैंने,
कुछ गीत लिखें हैं पस्ती में मैंने;
यह गीत, सख्त सरदर्द भुलायेगा,
यह गीत पिया को पास बुलायेगा।

४ किन्हीं **पाँच** लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : २०

(१) शारीरिक युद्ध की जगह युधिष्ठिर कौन–सा युद्ध खेलना चाहते थे?

(२) भीष्म का पश्चाताप युद्ध के बाद कैसा है?

(३) दिनकरजी विज्ञान के ज्ञान को अभिशाप क्यों मानतें हैं?

(४) 'बच्चन' की मधुशाला काव्य–संग्रह में किस कवि का प्रभाव हैं?

(५) तूम गा दो कविता में कवि ने किसका गान किया है?

(६) विप्लव गान काव्य में कवि ने किसका वर्णन किया है?

(७) अपना गान में कवि का क्या उद्देश्य है?

(८) मंगल वर्षा में कवि किस की वर्षा करतें हैं?

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com
Information about top MBA, Engineering, professional universities across India

http://www.howtoexam.com

५ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक–एक** वाक्य में उत्तर दीजिए : १०

(१) भवानी प्रसाद मिश्र के पिता का नाम क्या था?

(२) 'गीतफरोश' काव्य किस कवि का है?

(३) 'आह्‌वान' में कवि ने किसको ललकारा है?

(४) हरिवंशराय बच्चन की पत्नी का नाम क्या?

(५) 'अकेले दीपक' में कवि को कैसा विश्वास है?

(६) 'विप्लव गान' किस प्रकार का काव्य प्रकार है?

(७) 'हाहाकार' में कवि ने किस का चित्रण किया है?

(८) 'व्याल पर विजय' में कवि ने कौन–से प्रतीक प्रस्तुत किये हैं?

(९) 'मनुज का श्रेय' काव्य में कवि किस बात पर सावधान करतें हैं?

(१०) अज्ञेयजी के किसी एक प्रसिद्ध उपन्यास का नाम दीजिए।

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्टक में दिये गये विकल्प में से सही विकल्प चूनकर कीजिए : १०

(१) दिनकरजी का जन्म नाम ________ है। (गदाधरसिंह, रामधारिसिंह, धनुर्धारिसिंह)

(२) पाठक गण है पिने वाले ________ मेरी मधुशाला (कविता, प्रियतमा, पुस्तक)

(३) युधिष्ठिर की ग्लानि काव्यांश का कथ्य ________ पर आधारित है। (रामायण, पद्‌मपुराण, महाभारत)

(४) कवि का दीप ________ से पूर्ण है। (घी, तेल, स्नेह)

(५) एक बरस में एक बार ही जगती ________ की ज्वाला (होली, दिवाली, जन्माष्टमी)

(६) कवि की गाँठ ________ से जुड़ गई। (अति सुंदर, सुंदर, असुंदर)

(७) कवि हाहाकार कविता के अंत में ________ की बात करतें हैं। (भक्ति, शक्ति, क्रांति)

(८) लडवाते हैं मस्जिद–मंदिर ________ कराती मधुशाला। (मोल कराती, तील कराती, मेल कराती)

(९) इतिहास की हवा ________ भाग में विभक्त है। (चार, दो, तीन)

(१०) चोरी चोरी खडी नीम की छाया में छिपकर सुनती है हुई न क्यों मैं कडी ________ की। (जीत, गीत, मीत)

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com
Information about top MBA, Engineering, professional universities across India